Title: Re: Need to increase the frequency of flights from Jalgaon airport to various cities.

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव): महोदय, जलगाँव हवाई अड्डा उत्तर महाराष्ट्र में स्थित है और केंद्र सरकार ने यहाँ FTO को भी मंजूरी दी है । यह हवाई अड्डा पर्यटन की दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विश्व प्रसिद्ध अजन्ता और एलोरा केव्स से सबसे नज़दीक है । इस हवाई अड्डे को उड़ान के अंतर्गत शामिल किया गया था और इसके संचालन के लिए Trujet को चुना गया था । जलगांव हवाई अड्डे में state of the art infrastructure है जिसमें night landing भी शामिल है लेकिन पिछले एक वर्ष से Trujet ने अपनी सेवाओं को बंद कर दिया है जिससे यहाँ के व्यापारी, छात्र और आम जनता को यात्रा करने में असुविधा हो रही है । जलगांव में बहुत सारे उद्योग भी विकसित हो रहे हैं जिसके कारण कारोबारियों को देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा करने के लिए हवाई सेवा की आवश्यकता है । मेरा सरकार से निवेदन है कि जलगांव की आर्थिक क्षमता और यात्रियों की माँग को देखते हुए सरकार को जलगांव के लिए उड़ान स्कीम की अवधि और मुंबई दिल्ली बेंगलुरु इंदौर और हैदराबाद जैसे शहरों तक यात्रा के लिए माँग को देखते हुए फ्लाइट्स की संख्या को बढ़ाना चाहिए जिससे जलगांव के विकास को बल मिले और प्रधानमंत्री जी का उड़े देश का आम नागरिक के लक्ष्य को हम पूरा कर सके ।

माननीय सभापति : श्री गणेश सिंह जी ? उपस्थित नहीं ।